I NEXT

फार्म भरने का लास्ट चांस आज

LUCKNOW (6 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजी, पीजी और डिप्लोमा कोर्सों के विषम सेमेस्टर-2026 की नियमित तीसरे सेमेस्टर एग्जाम के आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की डेट बढ़ा दी है. अब विद्यार्थी बिना लेट फीस के सात नवंबर तक परीक्षा फार्म भर सकेंगे. वहीं, लेट फीस के साथ 12 नवंबर तक आवेदन करने का मौका मिलेगा.

AMRIT VICHAR

राजकीय डिग्री कॉलेजों में लागू होगी ई-ऑफिस प्रणाली

लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध राजकीय डिग्री कॉलेजों को भी जोड़ा जाएगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ समेत पांच जिलों के कॉलेजों में त्वरित डिजिटल निस्तारण

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने ई-ऑफिस प्रणाली का दायरा संबद्ध महाविद्यालयों तक बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय से संबद्धता वाले सभी पांच जिलों के महाविद्यालयों को ई-ऑफिस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। प्रशासनिक प्राथमिकताओं और चरणबद्ध कार्ययोजना के तहत फिलहाल प्रथम चरण में लखनऊ और शेष जिलों के राजकीय डिग्री कॉलेजों को ही विश्वविद्यालय जोड़ा जाएगा। शेष सहायता प्राप्त व स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को इस डिजिटल व्यवस्था में आगामी चरणों में शामिल किया जाएगा।

डिग्री कॉलेजों को होगा लाभ

- पत्रावलियों का त्वरित डिजिटल निस्तारण
- रियल-टाइम फाइल ट्रैकिंग और पूर्ण पारदर्शिता
- समय और वित्तीय संसाधनों की बड़ी बचत
- दस्तावेजों की शत-प्रतिशत सुरक्षा
- विद्यार्थी-हितों का त्वरित समाधान
- पर्यावरण संरक्षण व ग्रीन गवर्नेंस

लविवि में परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि फिर बढ़ी

- लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक, परास्नातक व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर-2026 परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार नियमित, बैकपेपर एवं इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं (पंचम, सप्तम एवं नवम सेमेस्टर तथा तृतीय सेमेस्टर के इम्प्रूवमेंट) के लिए विद्यार्थी 7 नवंबर तक बिना विलंब शुल्क और 12 नवंबर तक निर्धारित विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। नियमित तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए भी परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 नवंबर बिना विलंब शुल्क तथा 12 नवंबर विलंब शुल्क के साथ निर्धारित की गई है। नियमित विश्वविद्यालयी विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क जमा नहीं करना होगा। उन्हें समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म भरकर संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष या निदेशक कार्यालय में जमा करना होगा। सहयुक्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन के बाद निर्धारित परीक्षा शुल्क अपने महाविद्यालय में जमा करना होगा। महाविद्यालयों को सभी फॉर्म ऑनलाइन अग्रसारित कर शुल्क रसीद एवं विद्यार्थियों की सूची के साथ 14 नवंबर तक परीक्षा विभाग में जमा करनी होगी। विश्वविद्यालय के संकायों एवं विभागों को भी निर्धारित समयसीमा में फॉर्म अग्रसारित कर सूची जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

राजकीय महाविद्यालयों को ई-ऑफिस पोर्टल पर ऑनबोर्ड करने, डिजिटल सिग्नेचर, यूजर मैपिंग, वर्कफ़्लो निर्धारण व तकनीकी मार्गदर्शन की संपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की प्रोग्रामर अनुपमा सक्सेना को सौंपी गई है। वह राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों और नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर इस व्यवस्था को धरातल पर जिले के साथ-साथ सुदूर क्रियान्वित करेंगी। इस संबंध में कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि राजकीय महाविद्यालयों के ई-ऑफिस से जुड़ने से लखनऊ जनपदों के प्राचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सामान्य पत्रावलियों के लिए मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

AMAR UJALA

अब राजकीय डिग्री कॉलेजों में भी ई ऑफिस की सुविधा

पहले चरण में लखनऊ, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर खीरी के कॉलेज होंगे शामिल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध चार जिलों के राजकीय डिग्री कॉलेज जल्द ही ई ऑफिस प्रणाली से जुड़ेंगे। विवि प्रशासन ने पहले चरण में लखनऊ, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर खीरी के सभी राजकीय महाविद्यालयों को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ने का निर्णय लिया है। इससे कॉलेजों की प्रशासनिक पत्रावलियों का निस्तारण ऑनलाइन हो सकेगा। प्राचार्यों और कर्मचारियों को सामान्य प्रशासनिक कार्यों के लिए लविवि के मुख्य परिसर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।



बाद में शामिल किए जाएंगे सहायता प्राप्त व स्ववित्तपोषित कॉलेज

विश्वविद्यालय परिसर में ई ऑफिस प्रणाली लागू होने के बाद अब इसका विस्तार संबद्ध महाविद्यालयों तक किया जा रहा है। पहले चरण में केवल राजकीय डिग्री कॉलेजों को शामिल किया जाएगा। इसके बाद सहायता प्राप्त और स्ववित्तपोषित कॉलेजों को भी इस व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी सैनी के निर्देश पर ई ऑफिस के क्रियान्वयन और तकनीकी समन्वय की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की प्रोग्रामर अनुपमा सक्सेना को सौंपी गई है। वह कॉलेजों के प्राचार्यों और नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय कर डिजिटल हस्ताक्षर, यूजर मैपिंग और पोर्टल संचालन की प्रक्रिया पूरी कराएंगी।

ई ऑफिस लागू होने से नवीन विषयों की मान्यता, सीट आवंटन, पद सृजन, अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) और प्रशासनिक प्रस्ताव ऑनलाइन भेजे जा सकेंगे। कॉलेज प्रशासन अपनी फाइल की स्थिति भी देख सकेगा। इससे कागजी कार्रवाई और फाइलों के लंबित रहने की समस्या कम होगी। विश्वविद्यालय जल्द ही कॉलेजों के प्राचार्यों और तकनीकी कर्मचारियों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन करेगा। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने बताया कि ई ऑफिस का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। दूरस्थ जिलों के कॉलेजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

नई व्यवस्था से विद्यार्थियों के माइग्रेशन संबंधी आवेदन और पत्रावलियों का ऑनलाइन निस्तारण हो सकेगा। विषय बदलने से जुड़े प्रस्तावों और अनुमतियों की प्रक्रिया तेज होगी। छात्रवृत्ति से जुड़े सत्यापन कार्यों में अनावश्यक देरी कम होगी। आयोजनों के लिए अनुमति मिलने की प्रक्रिया आसान होगी। प्रशासनिक कामों के लिए कॉलेजों और विश्वविद्यालय के बीच बार-बार दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

AMAR UJALA

विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के फॉर्म भरने की तारीख बढ़ी

माई सिटी रिपोर्टर

लविवि : सात नवंबर तक बिना विलंब शुल्क, 12 तक विलंब शुल्क के साथ करें आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर-2026 की परीक्षाओं के ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि फिर बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी सात नवंबर तक बिना विलंब शुल्क और 12 नवंबर तक निर्धारित विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रहित में यह निर्णय लिया है। इसके बाद तिथि बढ़ाने पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह सुविधा विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को मिलेगी। इसके तहत नियमित, बैकपेपर और इम्प्रूवमेंट परीक्षा के फॉर्म भरे जाएंगे। पंचम, सप्तम और नवम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के साथ तृतीय सेमेस्टर के इम्प्रूवमेंट के विद्यार्थी भी आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा विभाग के अनुसार, परिसर के विद्यार्थियों को ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद संबंधित संकायाध्यक्ष या विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना होगा। वहीं, संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को फॉर्म और निर्धारित परीक्षा शुल्क अपने कॉलेज में जमा करना होगा। महाविद्यालयों को अपने लॉगिन से फॉर्म अग्रसारित करने के साथ शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा।

सभी संकायों और महाविद्यालयों को भरे गए परीक्षा फॉर्म की सूची शुल्क रसीद के साथ 14 नवंबर तक परीक्षा विभाग में जमा करनी होगी। परीक्षा फॉर्म भरने में किसी तरह की तकनीकी समस्या होने पर विद्यार्थी विश्वविद्यालय की हेल्पलाइन नंबर 7897999211 और 7897992064 पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं, व्हाट्सएप नंबर 7897992062 पर भी समस्या भेज सकते हैं।

NBT

सभी संबद्ध कॉलेजों को ई-ऑफिस सिस्टम से जोड़ेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

बाबू नहीं रोक पाएंगे कॉलेजों की फाइलें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों की फाइलें अब बाबुओं की मेज पर अटक नहीं सकेंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन कॉलेजों को भी ई-ऑफिस प्रणाली से जोड़ने जा रहा है। इसके बाद कॉलेजों और विश्वविद्यालय के बीच प्रशासनिक संवाद ऑनलाइन होगा और फाइलों का निस्तारण डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। तीन चरणों में अलग-अलग कॉलेजों को ई-ऑफिस से जोड़ा जाएगा।

एलयू से लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर खीरी के कॉलेज संबद्ध हैं। अभी कॉलेजों को विभिन्न प्रशासनिक कार्यों के लिए पत्रावलियां तैयार कर विश्वविद्यालय भेजनी पड़ती हैं। ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद कॉलेज ऑनलाइन प्रस्ताव और पत्रावलियां भेज सकेंगे। पोर्टल पर यह भी देख सकेंगे कि फाइल किस अधिकारी के पास है और किस स्तर पर लंबित है। कुलपति के निर्देश पर इस व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रोग्रामर अनुपमा सक्सेना को दी गई है।



अरबी-पर्शियन को विभाग की मान्यता

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के ओरिएंटल अरबी-पर्शियन को अब विभाग की मान्यता मिल गई है। सौ साल से यह एक कोर्स के रूप में संचालित हो रहा था जिसे अनुभाग के रूप में चलाया जा रहा था। यही वजह है कि यहां अब तक कोई डिग्री कोर्स नहीं चल रहा था सिर्फ डिप्लोमा कोर्स ही चल रहे थे जिसे दसवीं और बारहवीं की मान्यता दी जाती थी। विवि में इस साल से अरबी-पर्शियन में भी डिग्री कोर्स चलाने का निर्णय लिया गया। ऐसे में अब विवि ने इस अनुभाग को भी विभाग के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया है। कार्यपरिषद की ओर से भी इसकी मंजूरी दे दी गई है।

ओरिएंटल अरबी-पर्शियन को सौ साल बाद विभाग की मान्यता



AI Image

विभाग के हेड प्रो अरशद जाफरी ने बताया कि अरबी-पर्शियन अब तक विभाग न होने के चलते यहां के शिक्षक पीएचडी भी नहीं करा सकते थे। लेकिन अब हम विभाग बनने के कारण पीएचडी भी करा सकेंगे। हमारे जोर्स को अरबी व पर्शियन के साथ ओरिएंट अरबी पर्शियन भी भी पीएचडी का मौका मिल सकेगा। इसके अलावा हम बीए एमए कोर्स भी शुरू करने जा रहे हैं। इसके लिए विभागी स्तर पर मंजूरी हो गई है। विवि प्रशासन की ओर से अकैडमिक कार्डसिल में भी अप्रूवल हो गया है। विभाग अब सिलेबस पर काम कर रहा है। विभाग का नाम ओरिएंटल है इसलिए इसमें विषय के प्राचीन बिंदुओं को शामिल करने के साथ ही इसे जॉब ओरिएंटेड बनाने का भी प्रयास किया जाएगा।

गल्फ व इरान में कई जॉब भी इन भाषाओं के विशेषज्ञों की जरूरत होती है। ऐसे में हम इसके सिलेबस को उसी के अनुरूप बना रहे हैं। हमारी कोशिश है कि अगले साल से डिप्लोमा व सर्टिफिकेट के साथ चूंकी कोर्सों में भी दाखिले शुरू हो सके। विवि की स्थापना साल 1920 में हुई थी। उस समय राजा महमूदाबाद ने विवि को जमीन दान दी थी। लेकिन इसमें यह शर्त रखी गई थी कि विवि ओरिएंटल अरबी-पर्शियन व ओरिएंटल संस्कृत विभाग को हमेशा संचालित करेगा। विभाग में पर्शियन मे दबीर ए माहिर व दबीर ए कामिल और अरबी मे आलिम और फाजिल पाठ्यक्रम शुरू किए गए। उस समय इन कोर्सों के लिए दूसरे राज्यों से भी लोग आते थे। यही वजह है कि विवि की ओर से इन कोर्सों को आज भी संचालित किया जा रहा है।

एलयू में दो दिन के लिए फिर खुला परीक्षा फॉर्म पोर्टल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: जो भी छात्र-छात्राएं लखनऊ विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के फॉर्म नहीं भर सके हैं उन्हें विवि की ओर से एक और मौका दिया गया है। विश्वविद्यालय ने परीक्षा फॉर्म पोर्टल दोबारा खोल दिया है। विद्यार्थी 7 नवंबर तक बिना विलंब शुल्क और 12 नवंबर तक निर्धारित विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे। इसके बाद फॉर्म भरने की तारीख आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।

यह सुविधा स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर-2026 की नियमित, बैकपेपर और इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं के लिए दी गई है। इसमें तृतीय, पंचम, सप्तम और नवम सेमेस्टर के विद्यार्थी शामिल हैं। विद्यार्थी www.lkouniv.ac.in के माध्यम से समर्थ स्टूडेंट्स लॉगिन पर फॉर्म भर सकते हैं। के नियमित विद्यार्थियों को ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर संबंधित संकायाध्यक्ष या विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना होगा। संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थियों को फॉर्म भरने के बाद उसकी हार्डकॉपी अपने कॉलेज में जमा करनी होगी। कॉलेज ऑनलाइन फॉर्म की जांच कर निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा कराएंगे। सभी कॉलेजों को विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म की सूची और शुल्क रसीद 14 नवंबर तक परीक्षा विभाग में जमा करनी होगी।

AMAR UJALA

बास्केटबॉल टीम के ट्रायल 13 को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला बास्केटबॉल टीम के गठन के लिए 13 नवंबर को चयन ट्रायल होंगे। विवि परिसर स्थित शिवाजी मैदान पर दोपहर 2:30 बजे से ट्रायल होने हैं। चयनित खिलाड़ी नॉर्थ जोन/ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। बास्केटबॉल क्लब की अध्यक्ष प्रो. शशि कनौजिया ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ियों को 12 नवंबर शाम पांच बजे तक क्रीड़ा परिषद कार्यालय पवेलियन ग्राउंड में पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (संवाद)

HINDUSTAN

चार जिलों के कॉलेज ई-ऑफिस से जुड़ेंगे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध चार जिलों के राजकीय डिग्री कॉलेज अब ई-ऑफिस प्रणाली से जुड़ेंगे। पहले चरण में लखनऊ, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर खीरी के सभी राजकीय महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय के ई-ऑफिस नेटवर्क पर लाया जाएगा। इसके बाद सहायता प्राप्त और स्ववित्तपोषित कॉलेजों को भी इस व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। इससे कॉलेजों की प्रशासनिक फाइलों का निस्तारण ऑनलाइन हो सकेगा और प्राचार्यों व कर्मचारियों को छोटी-छोटी प्रक्रियाओं के लिए विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।